भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 334
जिसका उत्तर मंगलवार 5 फरवरी, 2019 को दिया जाना है

ऑटो उद्योग का पुनरुद्धार

334. **श्री टी. राधाकृष्णनः**
श्री गजानन कीर्तिकरः
श्री एस.आर, विजय कुमारः
श्री एस. राजेन्द्रनः
कुँवर हरिवंश सिंहः
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत का ऑटो उद्योग विश्व बाजार में सबसे बड़े उद्योगों में से एक बन गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है और देश की जीडीपी विकास दर में ऑटो उद्योग का कितना योगदान रहा है;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गत तीन तिमाही के दौरान ऑटो उद्योग मंदी से बुरी तरह से प्रभावित हुआ है;
(घ) यदि हां, तो क्या ऑटो उद्योग तरलता संबंधी संकट से प्रभावित हुआ है और अन्य समस्याएं उद्योग को प्रभावित कर रही है;
(ङ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) ऑटो उद्योग के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए/ किए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): जी हां, भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुआ है और वैश्विक रूप से एक अग्रणी उद्योग बनने के लिए सफलतापूर्वक वृद्धि की है। ऑटो उद्योग दुपहिया और तिपहियों में सबसे बड़ा, यात्री वाहनों में चौथा सबसे बड़ा, हैवी बसों में दूसरा सबसे बड़ा और वाणिज्यिक वाहनों में 7वां सबसे बड़ा उद्योग बन गया है। ऑटोमोटिव उद्योग का भारत की जीडीपी में लगभग 7.1% का योगदान है।

(ग): जी नहीं, ऑटो उद्योग का उत्पादन अप्रैल-दिसम्बर, 2017-18 की तुलना में अप्रैल से दिसम्बर, 2018-19 के दौरान 11.34% तक बढ़ा है।

(घ), (ङ) और (च): उपर्युक्त (ग) के उत्तर के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

*****